राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

# मासिक रिपोर्ट – सितम्बर 2021

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 51,290 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 12,591 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
3. **JBVNL, झारखंड:** एक पैकेज (स्मार्ट मीटर, 'HES' आदि) के लिए वित्तीय मूल्यांकन रिपोर्ट वर्ल्ड बैंक को भेजी गई। 9 सितंबर 2021 को अनापत्ति प्राप्त हुई।

** सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 1 सितंबर 2021 को NSGM वेबसाइट की अद्यतन व माइग्रेशन के लिए विडीओ कोंफ्रेंसिंग के माध्यम से प्री-बिड मीटिंग आयोजित की गई। 13 सितंबर 2021 को तकनीकी बोलियां व 15 सितंबर 2021 को वित्तीय बोलियां खोली गई। मूल्यांकन पूर्ण हुआ और रिपोर्ट अनुमोदन के लिए विद्‌युत मंत्रालय को प्रस्तुत की गई।
2. 28 सितंबर 2021 को निदेशक NPMU की अध्यक्षता में IIT हैदराबाद द्वारा विकसित किए जाने वाले मानकीकृत 'APIs' की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।
3. 30 सितंबर 2021 को NPMU ने BIS ETD-13/पैनल 5 की 7वीं बैठक में भाग लिया।
4. 23 सितंबर 2021 को सब-डिवीजन 5, चंडीगढ़ स्मार्ट ग्रिड परियोजना के तहत 'AMI' व 'SCADA' कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। 27 सितंबर 2021 को NPMU व RECPDCL अधिकारियों ने चंडीगढ़ प्रशासक के सलाहकार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने हेतु चंडीगढ़ का दौरा किया।
5. 21 सितंबर 2021 को NPMU, के.वि.प्रा. व BIS के मध्य स्मार्ट मीटरों के परीक्षण और प्रमाणन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु आभासी बैठक आयोजित की गई।
6. 28 सितंबर 2021 को मुख्य महाप्रबंधक, NPMU ने 'ET स्मार्ट मीटरिंग समिट' के दौरान आयोजित "स्मार्ट मीटरिंग - पावर रिफॉर्म्स के लिए आधारशिला" पर हुई पैनल चर्चा में भाग लिया।
7. 21 सितंबर 2021 को वरिष्ठ महाप्रबंधक NPMU ने "ऊर्जा प्रबंधन में स्मार्ट समाधान" विषय पर 'EPR' की लाइव चर्चा में अतिथि वक्ता के रूप में भाग लिया।
8. 7 सितंबर 2021 को सचिव (विद्‌युत) की अध्यक्षता में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में स्मार्ट मीटरिंग की स्थिति की समीक्षा के लिए आभासी बैठक आयोजित की गई।
9. 29 सितंबर 2021 को अपर सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में SGKC मानेसर में इनोवेशन पार्क के शुभारंभ से संबंधित 'KPI' गतिविधियों/लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु आभासी बैठक आयोजित की गई।
10. 20 सितंबर 2021 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में JBVNL, झारखंड स्मार्ट ग्रिड परियोजना और NSGM वित्तीय आवश्यकताओं पर चर्चा हेतु आभासी बैठक आयोजित की गई।
11. 28 सितंबर 2021 को संयुक्त सचिव (वितरण) की अध्यक्षता में राज्यों में EESL द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति की समीक्षा हेतु आभासी बैठक आयोजित की गई।

**(अरुण कु. मिश्र)**
**निदेशकNPMU**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**